## प्रेस विज्ञप्ति

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के तीनों (पौड़ी, टिहरी तथा श्रीनगर) परिसरों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिये बी0 एड0, एम0 एड0, एवं बी0 पी0 एड0 में सत्र 2020–21 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। शैक्षिक वर्ष 2020–21 में इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश छात्र/छात्राओं की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं के प्राप्तांकों की आधारित मैरिट के अनुसार होंगे। विश्वविद्यालय की वेबसाइट hnbgu.ac.in पर प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत सूचनायें और आवश्यक निर्देश उपलब्ध हैं तथा वेबसाइट online.hnbgu.ac.in पर 24 सितम्बर, 2020 से अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध होगी। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 24 अक्टूबर, 2020 है।

22.09.2020

कुलसचिव

### हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय,श्रीनगर (गढ़वाल)

दिनांक 22.09.2020

पत्रांक–बी0एड0 प्रवेश सेल/2020/639

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– परिसर निदेशक/समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2– समस्त संकायाध्यक्ष।
3– वित्त अधिकारी।
4– सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5– कोआर्डिनेटर/प्रभारी,डाटा प्रोसिंसिंग सेन्टर।
6– जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय से कि वे उक्त विज्ञप्ति को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
7– निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
8– निजी सचिव कुलसचिव।

कुलसचिव

# हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)–246174

## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## बी0एड0 / एम0एड0 –2020

## आवश्यक निर्देश

विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों, श्रीनगर, टिहरी, एवं पौड़ी **(स्ववित्त पोषित)**, एवं विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों / निजी स्ववित्तपोषित में बी0एड0 / एम0एड0 सत्र 2020–2022 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस वर्ष बी0एड0 में प्रवेश स्नातक / स्नातकोत्तर में प्राप्त अकों के आधार पर की जायेगी। एम0एड0 में प्रवेश बी0एड0 में प्राप्त अकों के आधार पर होगी। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म दिनांक 24 सितम्बर, 2020 से भरे जा सकते हैं जो कि विश्वविद्यालय की निम्न वेबसाइट पर उपलब्ध होगें–

**www.hnbgu.ac.in**
**www.online.hnbgu.ac.in**

आवेदन शुल्कः–

**(I)** सामान्य / **EWS** / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु – रूपये 200=00
**(II)** अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु – रूपये 100=00

न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :–

1 – राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन0सी0टी0ई0) द्वारा जारी नवीनतम् प्रवेश नियम के अनुसार बी0एड0 कार्यक्रम में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये विधि द्वारा स्थापित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से कला / वाणिज्य / विज्ञान में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिग, जिसमें विज्ञान और गणित की विशेषज्ञता हो, में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिये पात्र होगें। एम0एड0 कार्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित कार्यक्रमों में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड होने चाहिए– बी0एड0, बी0ए0बी0एड0, बी0एस0सी0बी0एड0, बी0एल0एड0, अवर स्नातक उपाधि के साथ डी0एल0एड0 (प्रत्येक में 50 प्रतिशत अंक)।

2– बी0एड0 / एम0एड0 कार्यक्रम में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग तथा अन्य उपयुक्त श्रेणियों के लिए आरक्षण एवं छूट केन्द्र सरकार / राज्य सरकार, जो भी प्रयोज्य हो, के नियमों के अनुसार दी जाएगी।

3– बी0एड0 पाठ्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग अभ्यर्थियों के लिये विधि द्वारा स्थापित किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि में 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

4 – स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियो को प्रवेश की तिथि तक स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसी प्रकार बी0एड0 परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के लिये भी एम0एड0 में प्रवेश की तिथि तक बी0एड0 परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

आरक्षण :–

1. बी0एड0 कक्षा में प्रवेश के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा केन्द्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों (श्रीनगर / टिहरी / पौड़ी) एवं एम0एड0 कक्षा में प्रवेश हेतु श्रीनगर परिसर में केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण लागू होगा तथा अन्य सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं निजी स्ववित्तपोषित बी.एड. / एम0एड0 संस्थानों में उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण लागू होगा।
2. विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों (श्रीनगर / टिहरी / पौड़ी–स्ववित्त पोषित) में केन्द्र सरकार द्वारा जारी अन्य पिछड़ी जातियों की सूची के अनुसार आरक्षण दिया जायेगा। आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के निर्धारित प्रपत्र के अनुसार ही मान्य होगा।

बी0एड0 / एम0एड0 –2020, ऑनलाइन आवेदन हेतु महत्त्वपूर्ण तिथियां :–

**1-** ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रारम्भ होने की तिथि – 24 सितम्बर, 2020
**2-** ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि – 24 अक्टूबर, 2020

नोट :– यदि अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने में किसी भी प्रकार की कठिनाई होती है तो ई–मेल आईडी hnbguegoverance@gmail.com पर (प्रातः 10.00 से सांय 5.00 बजे तक) मेल कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

कुलसचिव

<u>हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल</u>
<u>(केन्द्रीय विश्वविद्यालय )</u>

**बी0एड0 / एम0एड0, 2020 हेतु दिशा निर्देश**

**अत्यन्त आवश्यक निर्देश (Important instruction)**

अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने से पूर्व विवरणिका में अंकित निर्देशों एवं प्रवेश नियमावली को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा सभी निर्देशों को पढ़ने के बाद ही आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। बी0एड0 / एम0एड0 कक्षा में प्रवेश के समय अभ्यर्थी का स्नातक / परास्नातक / बी0एड0 होना अनिवार्य है।

## पात्रता (Eligibility)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा जारी नवीनतम <u>प्रवेश नियम 3.2 अर्हता के</u> अन्तर्गत बी.एड. कक्षा में प्रवेश के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्नवत हैः–

(अ)''बी.एड. कक्षा में प्रवेश के लिए अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति एवं विकलांग से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के मामले में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक अथवा परास्नातक अथवा इसके समकक्ष किसी अन्य परीक्षा में कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीण होना आवश्यक है, परन्तु इस नियम के अन्तर्गत 44.9 प्रतिशत को 45 प्रतिशत नहीं माना जायेगा। इसी प्रकार अन्य सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में स्नातक अथवा परास्नातक एवं इसके समकक्ष किसी अन्य परीक्षा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है, परन्तु इस नियम के अन्तर्गत 49.5 प्रतिशत को 50 प्रतिशत नहीं माना जायेगा। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग जिसमें विज्ञान और गणित विषय की विशेषज्ञता हो, में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता धारक वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिये पात्र होंगे।

एम0एड0 कार्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित कार्यक्रमों में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड होने चाहिए– (बी0एड0, बी0ए0बी0एड0, बी0एस0सी0बी0एड0, बी0एल0एड0, अवर स्नातक उपाधि के साथ डी0एल0एड0 प्रत्येक में 50 प्रतिशत अंक)। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग तथा अन्य उपयुक्त श्रेणियों के लिए आरक्षण एवं छूट केन्द्र सरकार / राज्य सरकार, जो भी प्रयोज्य हो, के नियमों के अनुसार दी जाएगी।

## आरक्षण (Reservation)

1. **बी.एड. कक्षा में प्रवेश के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के परिसरों (श्रीनगर / टिहरी / पौड़ी (स्ववित्त पोषित) एवं एम0एड0 कक्षा में प्रवेश हेतु श्रीनगर परिसर में केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण लागू होगा तथा अन्य सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं निजी स्ववित्तपोषित बी0एड0 / एम0एड0 संस्थानों में उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण लागू होगा।**
2. **आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र केंद्र सरकार के निर्धारित प्रपत्र के अनुसार ही मान्य होगा। विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों (श्रीनगर / टिहरी / पौड़ी –स्ववित्त पोषित) में केन्द्र सरकार द्वारा जारी अन्य पिछड़ी जातियों की सूची के अनुसार आरक्षण दिया जायेगा।**
3. बी.एड. / एम0एड0 प्रवेश आवेदन को सावधानी पूर्वक भरें तथा सम्बन्धित वर्ग एवं श्रेणी पर तदनुसार अंकित करें। किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं ही जिम्मेदार होगा।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का आवेदन–पत्र मान्य नहीं होगा।
5. **अपूर्ण आवेदन पत्र को बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर न होने पर भी आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।**
6. बी.एड. / एम0एड0 प्रशिक्षण में एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानान्तरण अनुमन्य नहीं है। किसी भी प्रशिक्षणार्थी को स्थानान्तरण की अनुमति नहीं होगी। जिस परिसर में प्रवेश आवंटित होगा, उसी परिसर से बी.एड. / एम0एड0 पाठ्यक्रम पूर्ण करना होगा। अतः कोई प्रशिक्षणार्थी स्थानान्तरण हेतु आवेदन न करें।
7. किसी भी अभ्यर्थी का वर्ग (**Category**) परिवर्तित नहीं होगा, अभ्यर्थी ने जिस वर्ग को आवेदन पत्र पर अंकित किया है उसका वर्ग वही रहेगा।
8. अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थी निर्धारित स्थान पर अपने अल्पसंख्यक समुदाय का वर्ग भी लिख दें यथा जैन, बौद्ध, मुस्लिम, ईसाई आदि।
9. बी.एड. / एम0एड0 कक्षा में प्रवेश केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा उन्हें आवेदन पत्र भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लीजिये।
10. यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन–पत्र के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र जाली पाये गये तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश रद्द करने का विश्वविद्यालय को पूर्ण अधिकार होगा तथा कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है तथा किसी भी दशा में शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

11. यदि किसी अभ्यर्थी ने किसी आरक्षित श्रेणी के लिये आवेदन किया है और अपने आवेदन –पत्र के साथ तत्तसम्बन्धित प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं किया है तो उसका आवेदन–पत्र निरस्त किये बिना सामान्य श्रेणी में परिवर्तित कर दिया जायेगा।
12. प्रत्येक अभ्यर्थी को काउन्सिलिंग/प्रवेश प्रक्रिया के समय निम्न विश्वविद्यालय परिसरों में प्रवेश के लिए वरीयता के अनुसार तीनों परिसरों के नाम भी अंकित करने होंगे। विश्वविद्यालय किसी भी परिसर में प्रवेश देने के लिये स्वतंत्र होगा।

| क्र0सं0 | परिसर का नाम | सीटों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | बी0एड0 | एम0एड0 |
| 1 | बिड़ला परिसर, श्रीनगर गढ़वाल | 111* | 55* |
| 2 | स्वामी रामतीर्थ परिसर, बादशाहीथौल ,नई टिहरी | 55* | – |
| 3 | डॉ बी.जी.आर. परिसर पौड़ी (स्ववित्त पोषित) | 55* | – |

** नोट– विश्वविद्यालय प्रवेशार्थी निर्देशिका 2020–21 के आधार पर।*

## अधिभार अंक (**Weightage Marks**)

1. इन परिसरों में प्रवेशित अभ्यर्थियों को प्रवेश केवल निम्न प्रमाण–पत्रों के ही अधिकतम पांच प्रतिशत अधिभार अंक देय होंगे।
2. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लेवें कि विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में प्रवेश हेतु केवल निम्न प्रमाण पत्रों के ही अधिकतम पांच प्रतिशत अधिभार अंक देय होंगे।

**अतिरिक्त अंक (Weightage) :–**

(क) एन.एस.एस.–बी प्रमाणपत्र या 240 घन्टे + दो विशेष शिविर –1%, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर/गणतत्रं दिवस परेड–2% (अधिकतम–2%)

(ख) एन.सी.सी.–बी प्रमाणपत्र–1%,एन.एस.एस./एन.सी.सी.–सी प्रमाणपत्र–2% गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) में प्रतिभाग–3%, राज्य/देश के पुरस्कृत एन.सी.सी. कैडेट–3% (अधिकतम–3%)

(ग) भा.वि.सं. जोनल द्वारा आयोजित युवा महोत्सव के अंतर्गत चयनित छात्र–2%, राष्ट्रीय स्तर–3% (अधिकतम–3%)

(घ) भा.वि.सं. या संसदीय मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त व्यक्तिगत–प्रथम–4%, द्वितीय–3% और तृतीय–2% और टीम–प्रथम–3%, द्वितीय–2%, और तृतीय–1% (अधिकतम–4%)

(ड.) राष्ट्रीय स्तर की साक्षरता/सांस्कृतिक/प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता–व्यक्तिगत प्रथम–4%, द्वितीय–3%, तृतीय–2%, और टीम प्रथम–3%, द्वितीय 2% और तृतीय–1% (अधिकतम–4%)

3. जिन अभ्यर्थियों ने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद से शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण की हो एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर अंग्रेजी विषय लिया हो, अथवा शास्त्री परीक्षा के किसी भी वर्ष में अंग्रेजी विषय लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की हो वे ही बी.एड. प्रवेश हेतु अर्ह माने जायेंगे।
4. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी बी.एड. प्रवेश हेतु अर्ह हैं।
5. बी.एड. कक्षा में प्रवेश के समय चिकित्सा प्रमाण पत्र मे यह स्पष्ट अंकित किया जाये कि अभ्यर्थी बी.एड. प्रशिक्षण के लिए पूर्णतः स्वस्थ है। प्रवेश के बाद प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर स्थानान्तरण नहीं किये जायेंगे।
6. वाणिज्य के स्नातक अभ्यर्थी को कला के लिए अर्ह माना जायेगा। कला समूह में रखा जाएगां
   इस प्रकार बी.एड. हेतु केवल दो समूह होंगे।

   (1) कला एवं वाणिज्य (कला समूह) (2) विज्ञान समूह

*नोट– बिन्दु 3 से बिन्दु 6 तक बी0एड0 प्रवेश के लिये मान्य होंगे।*

7. अभ्यर्थियों के निम्नलिखित वर्ग (category) है।

| वर्ग **(Category)** | कोड | वर्ग **(Category)** | कोड |
|---|---|---|---|
| सामान्य | **Gen.** | दिव्यांग | **PWD (PH)** |
| अनुसूचित जाति | **SC.** | स्वतत्रंता संग्राम सेनानी के आश्रित | **FF** |
| अनुसूचित जनजाति | **ST** | भूतपूर्व सैनिक (स्वयं अभ्यर्थी) | **Ex-s** |
| अन्य पिछड़ी जाति | **OBC** | | |